

# 'गरजे घटा घन' ने कराया वर्षा ऋतु का अहसास

**भारत भवन में गायन पर्व : मेघ और देस के रंगों में सजी शाम**

निज संवाददाता

**भोपाल, 4 जुलाई. भारत भवन के अंतरंग सभागार में आयोजित गायन पर्व के दूसरे दिन शनिवार को संगीत की सुरीली शाम ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया.**

युवा गायिकाओं आस्था गोस्वामी और रुचिरा केदार की जुगलबंदी ने पूरे माहौल को सुरों की मधुरता से भर दिया. दोनों कलाकारों की सधी हुई प्रस्तुति ने शास्त्रीय संगीत की गहराई और सुंदरता को जीवंत कर दिया.

कार्यक्रम की शुरुआत राग मेघ से हुई. झपताल में प्रस्तुत बंदिश गरजे घटा घन ने वर्षा ऋतु का अहसास कराया. इसके बाद द्रुत एकताल की प्रस्तुति ने माहौल में चंचलता घोल दी. राग केदार में कान्हा रे नंदनन्दन की प्रस्तुति ने भक्ति भाव को उजागर किया. तराना ने कार्यक्रम में ऊर्जा भर दी और कलाकारों की लयकारी ने श्रोताओं को प्रभावित किया. अंत में राग देस की बंदिश और कजरी की प्रस्तुति ने लोक और शास्त्रीय संगीत का सुंदर संगम पेश किया. पूरी संध्या के दौरान सभागार तालियों की गूंजता रहा. गायन पर्व का समापन रविवार को होगा, जिसमें प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियां संगीत प्रेमियों को एक बार फिर खास अनुभव देंगी.

# भगवान आदिनाथ का किया अभिषेक और नित्य पूजन

निज संवाददाता

**भोपाल, 4 जुलाई. अतिशय क्षेत्र प्राचीन कुराना में आयोजित त्रिदिवसीय लघु पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में शनिवार को केवलज्ञान कल्याणक महोत्सव श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ. सुबह भगवान आदिनाथ का विधि-विधान से अभिषेक, शांतिधारा और नित्य नियम पूजन किया गया. इसके बाद बाल ब्रह्मचारी अविनाश भैया के मार्गदर्शन में केवलज्ञान कल्याणक से जुड़ी सभी धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराई गईं.**

कार्यक्रम के दौरान भगवान के केवलज्ञान प्राप्ति प्रसंग का मंचन किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे. आयोजन स्थल पर विराजमान निर्वापक मुनि संभवसागर महाराज के सान्निध्य में श्रद्धालुओं को प्रवचनों का लाभ मिला. मुनिश्री ने कहा कि केवलज्ञान आत्मा की पूर्ण शुद्धता और अनंत ज्ञान का प्रतीक है. आत्मकल्याण के लिए सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र को अपनाना जरूरी है. दिनभर मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजन, अर्चन और विभिन्न आयोजनों में भाग लेकर पुण्य अर्जित किया. आयोजन



# भगवान पार्श्वनाथ की पूजा अर्चना



**शाहपुरा जिनालय**

**भोपाल, 4 जुलाई.** शाहपुरा जिनालय में उपाध्याय विश्रुत सागर महाराज के ससंघ सान्निध्य में भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक, पूजा अर्चना के साथ विधि विधान से अनुष्ठान हुए, आचार्य विराग सागर महाराज के तृतीय समाधि दिवस पर आचार्य छत्तीसी विधान हुआ. आचार्य विराग सागर, आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के चित्र अनावरण के साथ श्रद्धालुओं ने शास्त्र भेंट किए. मंडल पर अर्घ्य अर्पित किए, अनुष्ठान में जप तप आराधना के साथ नमोकार महामंत्र की साधना की गई.

# तैराकी टीम का चयन 12 को

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 4 जुलाई. भोपाल जिले की सब जूनियर तैराकी टीम के चयन के लिए 12 जुलाई को मिनी ग्रुप जिला तैराकी प्रतियोगिता होगी.**

आयोजकों के अनुसार कटारा हिल्स एक्सटेंशन स्थित सेज यूनिवर्सिटी के तरण पुष्कर में होने वाली इस प्रतियोगिता में 9 से 10 वर्ष आयु वर्ग के पंजीकृत तैराक हिस्सा लेंगे. प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से शुरू होगी. इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर भोपाल की टीम चुनी जाएगी. चयनित तैराक 16 से 18 जुलाई तक इंदौर के लक्ष्मण सिंह चौहान तरणताल में होने वाली 54वीं मप्र राज्य सब जूनियर एवं मिनी ग्रुप तैराकी प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे.

भोपाल तैराकी संघ ने बताया कि केवल संघ में पंजीकृत तैराक ही प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे. इच्छुक खिलाड़ियों को अपनी ऑनलाइन प्रविष्टि 10 जुलाई तक भेजनी होगी. प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा, जिसके आधार पर अंतिम टीम घोषित की जाएगी.

## एक नजर में



### मोहित लोधी और रानी अहिरवार का सम्मान

**भोपाल, 4 जुलाई.** करोंद स्थित लक्ष्य अनुराग्स अकादमी के भारतीय वायुसेना में वर्ष 2026 में चयनित मोहित लोधी और एमपी पुलिस की ट्रेनिंग पूर्ण कर लौटी छात्रा रानी अहिरवार का संस्थान के डायरेक्टर अनुराग पांडेय ने पुष्पमाला, स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया. समारोह में मोहित के पिता ने अपने पुत्र की सफलता का श्रेय लक्ष्य अनुराग्स अकादमी को देते हुए डायरेक्टर अनुराग पांडेय का पुष्पमाला से सम्मान किया तथा आभार जताया. वहीं, रानी अहिरवार ने अपने माता-पिता के साथ कोचिंग संस्थान पहुंचकर अनुराग पांडेय का सम्मान किया. डायरेक्टर अनुराग पांडेय ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही संस्थान की सबसे बड़ी उपलब्धि है.




### अरेरा कॉन्वेंट स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी

**भोपाल, 4 जुलाई.** अरेरा कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, कोलार रोड, में शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया. इस अवसर पर निर्वाचित छात्र नेतृत्वकर्ताओं को उनके पद एवं दायित्व सौंपे गए. समारोह में हेड बॉय, हेड गर्ल, कल्चरल इंचार्ज, स्पोर्ट्स इंचार्ज, डिसिप्लिन इंचार्ज, हाउस कैप्टन तथा मॉनिटर्स को उनके उत्तरदायित्वों का औपचारिक रूप से निर्वहन करने हेतु सम्मानित किया गया. विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्रति निष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी और सेवा भावना के साथ कार्य करने की शपथ ली तथा विद्यालय के गौरव और विकास के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया.

### एनएसएस के शिविरों को लेकर हुई समीक्षा बैठक



**भोपाल, 4 जुलाई.** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविरों को ज्यादा उपयोगी और असरदार बनाने पर शनिवार को भोपाल में समीक्षा बैठक हुई. बैठक में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम विभाग की सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल ने शिविरों की मौजूदा कार्यप्रणाली का जायजा लिया और अधिकारियों से गांवों व बस्तियों में चलने वाली गतिविधियों को समय की जरूरत के मुताबिक मजबूत करने पर चर्चा की. टीटी नगर स्टेडियम स्थित सभागार में आयोजित बैठक में भोपाल के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी और विभागीय अधिकारी शामिल हुए.

## नगर में आज

**हिंदू उत्सव समिति की बैठक**
**समय**- शाम 5 बजे, **स्थान**- मां वैष्णो धाम, प्लेटिनम प्लाजा

**शास्त्रीय संगीत समारोह**
**समय**- सायं 7 बजे से शुरू, **स्थान**- भारत भवन

**सुरमय स्वर**
**समय**- शाम 5 बजे, **स्थान**- रवीन्द्र भवन, अंजनी सभागार

**शिवकुमार अर्चन गीत विमर्श**
**समय**- शाम 5 :30 बजे से, **स्थान**-दुष्यंत कुमार संग्रहालय

**कला प्रदर्शनी चित्रांकन**
**समय**-शाम 7 :00 बजे, **स्थान**- रंगायन आर्ट गैलरी, बावड़ियां कला

**मोहम्मद रफ़ी संगीत 'यादगार शाम'**
**समय**- शाम 6 :00 बजे से, **स्थान**- पॉलिटेक्निक महाविद्यालय

# जीएमसी के डॉ. राजीव गुप्ता को मास्टर टीचर अवॉर्ड

**भोपाल, 4 जुलाई. गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के कार्डियक डिपार्टमेंट के एचओडी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव गुप्ता को मास्टर टीचर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है. यह सम्मान उन्हें डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किया गया.**



कार्यक्रम में स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, हाईकोर्ट के पूर्व जज रोहित आर्य और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा उपस्थित रहे. इस दौरान डॉ. गुप्ता को प्रशस्ति पत्र और सम्मान प्रदान किया गया. डॉ. गुप्ता को उत्कृष्ट शिक्षक, वैज्ञानिक और चिकित्सक के रूप में जाना जाता है. उन्होंने नैदानिक सेवाओं, हृदय रोगों पर अग्रणी शोध और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. वे 1984 के भोपाल गैस कांड के पीड़ितों सहित वंचित वर्गों की सेवा में भी लगातार सक्रिय रहे हैं. उन्होंने अब तक 5500 से अधिक स्नातक, 445 स्नातकोत्तर और 12 पोस्ट डॉयरक्टरेट छात्रों का मार्गदर्शन किया है. इसके अलावा वे कार्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया की हार्ट डिजीज काउंसिल के अध्यक्ष, आईसीएमआर के प्रधान अन्वेषक, एम्स भोपाल की एथिक्स कमेटी के सदस्य भी हैं. चिकित्सा क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें कई सम्मान मिल चुके हैं.




## 'रंग केसरिया' में झलकी राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति

**भोपाल, 4 जुलाई.** 'रंग केसरिया-ए राजस्थानी कल्चरल सेलिब्रेशन' का आयोजन शनिवार को भोजपुर क्लब में किया गया, जो सुबह 11 से रात 8 बजे तक चला. इसमें घूमर और नाच की विशेष वर्कशॉप भी आयोजित हुई, जिसका संचालन फिल्म पद्मावत से जुड़ी कोरियोग्राफर ज्योति तोमर ने किया. इसमें भोपाल, विदिशा, सीहोर और रतलाम से करीब 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया. आयोजक सोनल श्रीवास्तव ने नवभारत को बताया कि 'आज युवा अपनी संस्कृति से दूर हो रहे हैं. 'रंग केसरिया' के जरिए हमने उन्हें घूमर और नाच जैसी विधाओं से जोड़ने का प्रयास किया है. इस तरह के आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे.

# कबीर का अद्वैत आज भी प्रासंगिक : प्रो. झा

## 'कबीर की वाणी में अद्वैत' विषय पर हुआ प्रेरणा संवाद

**भोपाल, 4 जुलाई. एकात्म धाम में रविवार को आयोजित प्रेरणा संवाद में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रामनाथ झा ने कहा कि संत कबीर की वाणी का मूल आधार अद्वैत है, जिसमें जीव और ब्रह्म के बीच कोई भेद नहीं माना गया है. उन्होंने कहा कि आज के सामाजिक माहौल में कबीर का यह विचार लोगों को जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है.**



आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रो. झा ने कबीर के पदों के जरिए अद्वैत वेदांत की व्याख्या की. कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मालवी लोक गायक मुकेश चौहान और उनकी टीम ने कबीर के निर्गुण पद प्रस्तुत किए. 'मोहे सुन सुन आवे हासी, जल बीच मीन पयासी' और 'जरा हल्के गाड़ी हांको मेरे राम गाड़ी वाले' जैसी प्रस्तुतियों को श्रोताओं ने सराहा. कार्यक्रम में शिक्षाविद, शोधार्थी मौजूद रहे.

## कल से निटर में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

**भोपाल, 4 जुलाई.** स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के कार्यालय निदेशक द्वारा जारी पत्र के अनुसार 6 दिवसीय आवासीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है. यह कार्यक्रम राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) भोपाल द्वारा आयोजित किया जाएगा. इसमें प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत शैक्षणिक संवर्ग के लिए कोर टीचिंग स्किल्स विषय पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा. जिसका आयोजन 6 जुलाई से 11 जुलाई के मध्य किया जायेगा. बता दें उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस कार्यक्रम के लिए सभी संबंधित शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश जारी किए गए हैं.



## फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम पर कार्यशाला

▸ **गांधी मेडिकल कॉलेज में हुआ आयोजन**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 4 जुलाई.** गांधी चिकित्सा महाविद्यालय (जीएमसी) के सामुदायिक चिकित्सा विभाग और देवराज उर्स मेडिकल कॉलेज कोलार के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया. जो राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम के अंतर्गत नोडल अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया. कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के प्राध्यापकों और चिकित्सकों को ऑटिज़ एफएपी ई लॉगबुक के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना था. डिजिटल प्लेटफॉर्म से अब मेडिकल क्षेत्र में कागजरहित दस्तावेजीकरण को बढ़ावा मिलेगा.

**प्रेरणा** | एम्स में शिक्षाविद राजेश्वर प्रसाद माहेश्वरी की देह दान

# बच्चों को पढ़ाया, अब उनकी देह से पढ़ेंगे मेडिकल छात्र



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 4 जुलाई. भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी विपिन माहेश्वरी ने शनिवार को अपने दिवंगत पिता शिक्षाविद राजेश्वर प्रसाद माहेश्वरी की देह एम्स भोपाल को दान कर दी. 97 वर्ष की उम्र में राजेश्वर प्रसाद का शुक्रवार को निधन हो गया था.**

बता दें, राजेश्वर दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के प्रिंसिपल रहे और उन्होंने कानून व लेखाशास्त्र जैसे विषयों की 50 से अधिक पुस्तकें लिखीं, जो आज भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रही हैं. उन्होंने लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व समाज कल्याण के लिए अपनी स्वेच्छा से देहदान का संकल्प लिया था. पिता के इस संकल्प को उनके पुत्र विपिन कुमार माहेश्वरी और परिवार के अन्य सदस्यों ने एम्स में देहदान कर पूरा किया. इसके पहले दिवंगत राजेश्वर प्रसाद को पूरे राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को एम्स लाया गया. इस भावुक क्षण पर एम्स परिवार के सदस्यों और चिकित्सा छात्रों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. एम्स प्रशासन ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि देहदाता चिकित्सा जगत के लिए सर्वोच्च शिक्षक की तरह होते हैं. मेडिकल छात्र उनके माध्यम से ही मानव शरीर की जटिल संरचना और व्यावहारिक कौशल सीखते हैं, जो आगे चलकर उन्हें अगले चालीस से पचास वर्षों तक हजारों मरीजों का जीवन बचाने के योग्य बनाता है.



## भोपाल जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**भोपाल, 4 जुलाई.** भारतीय जनता पार्टी के भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने बताया कि जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में स्मरण पखवाड़ा कार्यक्रमों के अंतर्गत रविवार 5 जुलाई को सुबह 10:30 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में भोपाल जिले का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है. उन्होंने बताया कि सम्मेलन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल संबोधित करेंगे.